## सार-समाचार

### दान देकर अभिमान नहीं करें : सुमति

**जोधपुर**, (कासं)। चौरड़िया भवन में विराजित सुमति मुनि ने शनिवार को अपने प्रवचन में कहा कि दान देकर अभिमान नहीं करना चाहिए। यह कभी नहीं सोचना चाहिए कि हम दे रहे है। सच्चाई यह है कि जो दिया वह हमारा नहीं था। भगवान से मिली हुई वस्तु वापिस लोटा रहे हैं। धन या वस्तु पर मालिक भाव नहीं रखे। जीव को माली की तरह रहना चाहिए। कोई भी कार्य, सहयोग, सेवा करे तो यह कभी नहीं माने मैंने किया है। सही समय पर सही भाव, सही जगह, सही विधि से काम करने पर काम का राग- द्वैष छूट जाता है। अशुभ निमितों का आगे होकर अस्वीकार करे। आज सोहनलाल बागरेचा ने गुरु भगवंतों से चातुर्मास का आभार एवं त्रुटियों के लिए क्षमायाचना की। साध्वी श्री अपने प्रवचन में कहा कि कुछ नहीं करना सबसे बड़ा पुरुषार्थ है। हमारे लिए सबसे उपयोगी यही है कि नहीं करना कोई आप पर गुस्से से बोल रहा है, अपमान कर रहा तो आपका पुरुषार्य हो कि नहीं बोलना है। गलत का छोडना ही पुरुषार्थ है। जहाँ करना, बोलना हो वहा सही करना, बोलना ही पुरुषार्थ है। हम काम करने के पहले सोचा हुआ परिणाम सामने रखता है। फल की इच्छा करना गलत है, शुभ कार्य करो लेकिन फल की इच्छा नही रहे । प्रवचन सुनते सुनते हमारा गुस्सा नहीं गया लेकिन हमारे गुस्से का प्रतिशत तो कम हुआ। उस समय को सदुपयोग किया। जो काम धर्म नहीं कर सकता वह अधर्म व पाप से काम नहीं होगा। परमात्मा कहते है कि शुभ कार्य का फल अवश्य मिलेगा फिर क्यों मांगना । संघ के अध्यक्ष देवराज बोहरा ने बताया कि रविवार को जयमल पाठशाला के सभी बच्चों का ज्ञान शिविर सुबह 10.30 बजे 12:30 तक रखा गया है।

### बॉक्सर ध्रुव ऑल इंडिया लेवल पर खेलेंगे

**जालोर**, (कासं)। जालौर के प्रतिभाशाली बॉक्सर ध्रुव परमार ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्थान पक्का किया है। ध्रुव परमार ने राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी, कोटा से संबद्ध जयपुर इंजीनियरिंग कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर जयपुर का प्रतिनिधित्व करते हुए इंटर कॉलेज बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। यह प्रतियोगिता 27 से 29 अक्टूबर 2025 तक एसकेआईटी कॉलेज, जयपुर में आयोजित हुई थी। प्रशिक्षक पुष्पेंद्र परमार ने बताया कि ध्रुव ने अपने पहले मुकाबले में एसकेआईटी कॉलेज जयपुर के हर्ष सिंह को मात देकर शानदार शुरुआत की। इसके बाद दूसरे मुकाबले में पूर्णिमा यूनिवर्सिटी जयपुर के सोहल टंडन को पराजित करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में जेट कॉलेज जोधपुर के पवन कुमार को हराकर फाइनल में जगह बनाई और फाइनल मुकाबले में मयंक खत्री को पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ध्रुव के इस शानदार प्रदर्शन से पूरे जालौर जिले में खुशी की लहर दौड गई। इस उपलब्धि पर राजस्थान बॉक्सिंग संघ के महासचिव नरेंद्र कुमार निर्वाण, अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, अंतर्राष्ट्रीय रेफरी विशाल निर्वाण, जालौर बॉक्सिंग के मुकेश कुमार सुन्देशा, योगासन संघ अध्यक्ष दशरथ चौधरी, हरबंस सिंह काली, मोहनलाल परमार, सुरेश चंद्र परमार, नितेश परमार और मुकेश कुमार राणा ने ध्रुव को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### बीएलओ व सुपरवाईजर का ब्रीफिंग सत्र

**जालोर**, (कासं)। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शनिवार को सांचौर विधानसभा क्षेत्र में ईआरओ, एईआरओ व मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बीएलओ व सुपरवाईजर के ब्रीफिंग सत्र का आयोजन किया गया। सत्र के दौरान बीएलओ व सुपरवाईजर को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों की अक्षरशः पालना करने तथा नवीनतम दिशा-निर्देशों की जानकारी व प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा ब्रीफिंग सत्र को संबोधित करते हुए बीएलओ को घर-घर जाकर परिगणना प्रपत्रों के समयबद्ध वितरण एवं भरे हुए प्रपत्रों का संकलन करने, आईडी मैपिंग सहित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रमोद कुमार, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रवीण कुमार चौधरी, नायब तहसीलदार रविंद्र प्रताप सिंह, मास्टर ट्रेनर भंवरलाल, अशोक कुमार, किशोर कुमार, किशन लाल, वरिष्ठ सहायक प्रवीण भादू, भावेश कुमार, अनिल कुमार सहित निर्वाचन से जुडे अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे।

### आयुक्त अशोक शर्मा ने निरीक्षण किया

**जालोर**, (कासं)। स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार आयुक्त अशोक कुमार शर्मा ने शनिवार सुबह जालोर नगर परिषद के अंतर्गत संचालित छह अन्नपूर्णा रसोइयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रसोइयों में सफाई व्यवस्था, सामग्री की गुणवत्ता, खाना तैयार करने की प्रक्रियाएवं वितरण व्यवस्था के साथ-साथ टोकन जारी करने की कार्यवाही का बारीकी से अवलोकन किया। अन्नपूर्णा रसोई संचालकों को निर्देश देते हुए कहा कि मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुएराज्य सरकार के द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार रसोई का संचालन किया जावे तथा खाद्य सामग्री ताजा एवं शुद्ध होनी चाहिए, सफाई का पूर्ण ध्यान रखा जाए तथा थाली में निर्धारित मात्रा 300 ग्राम चपाती, 100 ग्राम सब्जी, 100 ग्राम दाल, 100 ग्राम चावल या मिलेट्स अन्न (600 ग्राम पौष्टिक भोजन) साथ में अचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि भोजन की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के के दौरान आयुक्त शर्मा ने स्वयं लाभार्थियों के बीच बैठकर भोजन ग्रहण कर खाने की गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने लाभार्थियों से व्यक्तिगत रूप से फीडबैक लिया। अधिकांश ने भोजन की गुणवत्ता की सराहना की, लेकिन कुछ ने छोटे-मोटे सुझाव भी दिए। आयुक्त ने कहा कि यह फीडबैक योजना को और मजबूत बनाने में सहायक होगा।

### रावणा राजपूत महासभा की बैठक आज

**जालोर**, (कासं)। जिला रावणा राजपूत महासभा एवं युवा महासभा की संयुक्त जिला स्तरीय बैठक का आयोजन 2 नवंबर को सुबह 11 बजे रावणा राजपूत छात्रावास जालोर महासभा जिलाध्यक्ष राजू सिंह राजपुरा एवं युवा महासभा कार्यकारी जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक व्यवस्था प्रभारी वीरेंद्र सिंह पवार ने बताया कि बैठक में 23 सितंबर को आयोजित हुए मेजर दलपत सिंह देवली बलिदान दिवस कार्यक्रम समीक्षा को लेकर कार्यकर्ता समाज समारोह के साथ दीपावली समय मिलन कार्यक्रम भी होगा।बैठक में जिला स्तरीय पदाधिकारी, तहसील अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष गण, 23 सितम्बर महासम्मेलन की संयोजक टीम सहित सभी समाज बंधु उपस्थित रहेंगे । बैठक में 23 सितंबर महासम्मेलन का हिसाब किताब प्रस्तुत करना, 23 सितंबर महासम्मेलन की जिला संयोजक टीम, कार्यक्रम प्रभारी,सक्रिय कार्यकर्ता, बस भामाशाह,तहसील अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष,पट्टी अध्यक्ष, तहसील संयोजक व नगर संयोजक का सम्मान, दीपावली स्नेह मिलन, युवा महासभा चुनाव पर चर्चा व अन्य सामाजिक विषय पर चर्चा की जायेगी।

### जीवाणा ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल हुई

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने शुक्रवार रात्रि को जीवाणा ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल कर उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण किया। रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे के समक्ष ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने, विद्युत व पानी की समस्या का समाधान करने सहित विभिन्न परिवाद प्रस्तुत किए जिनको जिला कलक्टर ने गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण करवाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। रात्रि चौपाल में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, डिस्कॉम व पंचायतीराज सहित विभागीय अधिकारियों ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सायला उपखण्ड अधिकारी सूरजभान विश्नोई, सायला तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व बडी संख्या ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### गर्ग का स्वागत व अभिनंदन किया

**जालोर**, (का.सं.)। हिन्दू युवा संगठन संस्था जालोर की ओर से जालोर क्रीडा भारती के जिला महामंत्री एवं ओलंपिक संघ के सचिव भागीरथ गर्ग को इंडियन फेडरेशन ऑफ मुई थाई की ओर से मुई थाई प्रतियोगिता के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय रेफरी व जज (निर्णायक) के रूप में नियुक्त किए जाने पर सम्मानित किया गया। संस्था की ओर से भागीरथ गर्ग का माला, दुपट्टा व साफा पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। गर्ग ने सभी का आभार धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सुरेश सोलंकी, रवि सोलंकी, दिनेश महावर, सुरेश सुन्देशा,हेमेंद्रसिंह बगैडिया,योगेश दवे सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# खैरवा व भांवरी में स्वास्थ्य भवन निर्माण कार्य को मंजूरी

**पाली**,(नि.सं.)। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत के प्रयासों से सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र को स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिली है। मंत्री कुमावत की अनुशंसा पर राजस्थान सरकार ने खैरवा में 7.10 करोड़ रुपये की लागत से नए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन के निर्माण को मंजूरी प्रदान की है।

इसके साथ ही, पाली जिले के भांवरी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 59 लाख रुपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति भी जारी की गई है।

इस निर्णय से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी और स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी।

मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ हों। खैरवा और भांवरी के इन नए भवनों से क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा।

इस स्वीकृति पर मंत्री जोराराम कुमावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खीवसर का आभार व्यक्त किया है। मंत्री कुमावत ने कहा कि नए चिकित्साल्य भवनों का निर्माण होने से इन गावों में चिकित्सा सुविधाएं और बेहतर होंगी । साथ ही इन नये भवनों में आने वाले समय में चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता भी सुनिश्चित होगी जिससे मरीजों को बेहतर उपचार मिल सकेगा।

इस मौके पर भांवरी सरपंच सुनीता प्रवीण, खैरवा सरपंच संतोष कंवर भरत सिंह ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इससे लंबे समय से चली आ रही स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी पूरी होगी। साथ ही पाली प्रधान मोहिनी देवी पुखराज पटेल, उप प्रधान भारती अनिल कुमावत, जब्बर सिंह , जिला परिषद सदस्य नंदिनी चौधरी, पूजा कंवर, पंचायत समिति सदस्य ओंकार सिंह, गोपाल सिंह भंवरी, डायाराम पटेल, गोपाराम पटेल, हनवंत सिंह राजपुरोहित, दिलीप पटेल, मानाराम देवासी, प्रकाश बोहरा, अभिमन्यु सिंह खैरवा, शंकर सिंह राजपुरोहित, पूर्व सरपंच भांवरी ठाकुर हर्षवर्धन सिंह, महेंद्र लोहार, किशोर श्रीमाली खैरवा, तेजसिंह राजपुरोहित भांवरी, लक्ष्मण राम चौधरी ने कुमावत का आभार जताया है।

# संघ का व्यापक गृह संपर्क अभियान 16 तक चलेगा

**बालोतरा**, (नि.सं.)। राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ व संघ के सभी संगठनों के सैकड़ो कार्यकर्ता टोलियों के रूप में जोधपुर प्रांत के 8700 गांवों के सभी परिवारों में जाकर हिंदू संगठन की बात करेंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्थान क्षेत्र के संपर्क प्रमुख श्याम मनोहर ने बताया की 1 नवंबर से 16 नवंबर तक चलने वाले व्यापक गृह संपर्क अभियान का विधिवत शुभारंभ ब्रह्मधाम आसोतरा ब्रह्माजी मंदिर तथा जसोल माता राणी भटियाणी मंदिर से आशीर्वाद प्राप्त कर प्रारंभ किया।

उन्होंने ने बताया कि आसोतरा में ब्रह्मा धाम गादीपति सद्गुरु देव तुलसाराम महाराज के शिष्य ध्यानाराम महाराज व जसोल रावल किशनसिंह से भेंट कर उनको अभियान की जानकारी दी गई।

प्रचारक एवं राजस्थान क्षेत्र के सह संपर्क प्रमुख योगेंद्र कुमार ने बताया की संघ स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर आज तक का सबसे बड़ा घर घर जाने का अभियान चलेगा।

अभियान के तहत पूरे देश के 20 करोड़ घरों में जाकर समाज को पंच परिवर्तन परिवार प्रबोधन, संस्कार, संयुक्त परिवार,परिवार विघटन क्यो,सामाजिक समरसता, पर्यावरण, स्व का भाव तथा नागरिक शिष्टाचार की जानकारी देकर आयेंगे।

संघ के विचार , समाज की सज्जन शक्ति को सक्रिय कर रामराज्य स्थापित हो ऐसी कल्पना का लेकर टोलियो के रूप में सभी संगठनों के कार्यकर्ता इसमें अपनी सहभागिता प्रदान करेंगे।

अंत में संघ के स्वयंसेवक एवं भाजपा नेता गणपत बाठिया ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी संतों, समाज सेवी महानुभावों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया

बालोतरा जिले के इस अभियान के आगाज में साथ, संघ के देवेंद्र माली, अधिवक्ता परिषद के प्रांत महामंत्री श्याम पालीवाल, विहिप के प्रांत सह मंत्री महेंद्रसिंह राजपुरोहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कृष्ण भोग का आयोजन हुआ

**जोधपुर**, (कासं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बदल भाखर श्री राम नगर ओसियां में लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के ''दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ राजेंद्र विश्नोई द्वारा सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया । कार्यक्रम में विद्यार्थियों व समस्त स्टाफ साथियों द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ ली गई साथ ही देश की एकता अखंडता एवं सुरक्षा को बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

आज विद्यालयों में मेगा पेटीएम का आयोजन किया गया । शिक्षा विभाग की ओर से संचालित प्रखर राजस्थान 2.0 अभियान के तहत विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अहम चर्चा की गई । शिक्षक विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति के बारे में अभिभावकों को अवगत कराया गया।

## रेवदर में तुलसी विवाह आज, तैयारी पूर्ण

**रेवदर** , (निसं)। अग्रवाल श्याम सखी मंडल के तत्वावधान में माता तुलसी व शालिग्राम जी का ब्याहाथ परशुराम धर्मशाला में लिया गया।

मंडल संयोजक पूर्व अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष सुनीता जैन ने बताया तुलसी विवाह भगवान विष्णु और माता तुलसी (वृंदा) का प्रतीकात्मक विवाह है, जो देवउठनी एकादशी के अगले दिन मनाया जाता है। कार्यक्रम सेसंयोजक विमला सिंघल ने तुलसी विवाह की कथा बताई।

मंडल सेसंयोजक ममता अग्रवाल ने बताया कि बान बिठाया गया, जिसमें माता तुलसी का बान डॉ. इंदु केला पत्नी एच एम केला एवम शालिग्राम जी का बान सुनीता अग्रवाल पत्नी नरेंद्र अग्रवाल ने विधि विधान से पूर्ण किया।

पंडित मणिलाल ने पूजा पाठ करके बान की रस्म पूर्ण कराई।। बान के पश्चात महिला संगीत का कार्यक्रम रखा गया।। जिसमें सभी महिलाओं ने नृत्य करके विवाह की शोभा बढाई

सभी महिलाओं को मेहंदी के कोण बाटे व मेहंदी लगवाई। छाया गर्ग ने बताया कि 2 नवंबर को तुलसी और शालिग्राम का विवाह होगा। जिसमें अनेक महिलाएं ढोल,नगाडे एवम बैंड बाजे के साथ बारात में शामिल होंगी,जो अम्बाजीअंदर से प्रारंभ होकर परशुराम धर्मशाला पहुंचेगी। जिसका बाजार में कई जगह स्वागत होगा। विभिन्न स्थानों पर अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई है। इस दौरान मंजू सतीश,उमा ओरिया, जागृति, सविता,राधा सिंगल ,रजनी बंसल सभी का पूर्ण सहयोग रहा।

# सरदार पटेल की प्रतिमा लगाने की स्वीकृति मांगी

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर में राष्ट्रीय एकता और अखण्ड भारत की भावना को सशक्त करते हुए जिला भाजपा ने लाखोटिया सरोवर के तट पर भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 11 फुट ऊंची आदमकद प्रतिमा स्थापित करने को लेकर जिला प्रशासन को प्रस्ताव प्रेषित कर स्वीकृति की मांग की है।

जिला भाजपा ने निवेदन किया है कि इस स्थान को प्रतिमा हेतु आरक्षित कर स्वीकृति प्रदान की जाए, जिससे आगामी योजनाओं को मूर्त रूप दिया जा सके और क्रियान्वयन शीघ्र प्रारंभ हो सके।

जिला भाजपा प्रवक्ता त्रिलोक चौधरी ने बताया कि शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों की जनभावनाओं के अनुरूप लाखोटिया सरोवर तट पर सरदार पटेल की प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जिससे आने वाली पीढ़ियाँ राष्ट्र की एकता और उनके दृढ़ नेतृत्व से प्रेरणा ले सकें। 31 अक्टूबर 2025 को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर लाखोटिया उद्यान में भव्य समारोह आयोजित किया गया था। उसी अवसर पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि निर्माणाधीन रंगमंच का नामकरण भारत रत्न लौह सरदार वल्लभभाई पटेल मंच के नाम से किया जाए। पाली शहर में अन्य महान नेताओं, खिलाड़ियों और जननायकों की प्रतिमाएं स्थापित हैं। इसी क्रम में जनभावनाओं का सम्मान करते हुए सरदार पटेल की 11 फुट ऊंची प्रतिमा व 11 फुट ऊंचे प्लेटफॉर्म का निर्माण कर सौंदर्यपूर्ण ढंग से स्थापित किया जाएगा। यह प्रतिमा जनसहयोग से निर्मित होगी और भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 31 अक्टूबर को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व को और सशक्त करेगी।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर को ज्ञापन जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन सौंपते समय दिग्विजय सिंह राठौड़, नारायण कुमावत, जुगल किशोर निकुंब, देवीलाल मेघवाल, प्रताप सिंह जोधा, शैतान देवासी, जयवर्धन रांकावत, हेमंत चौधरी, मांगू सिंह डंडा, सुरेश पंवार, दिनेश सिंह राजपुरोहित, प्रवीण गुलेचछा, दिनेश मीणा, अजय वैष्णव, राहुल मेवाड़ा सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जिला भाजपा ने आशा जताई है कि प्रशासन शीघ्र स्वीकृति जारी कर इस कार्य को साकार करने में सहयोग प्रदान करेगा। इस पहल से पाली शहर में राष्ट्रीय गौरव एवं एकता का नया ऐतिहासिक प्रतीक स्थापित होने जा रहा है।

# बी.एल.ओ. को प्रथम प्रशिक्षण दिया

**पाली**, (नि.सं.)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण की घोषणा के पश्चात पाली जिले के समस्त बूथ लेवल अधिकारियों को दायित्वों के सम्बन्ध में पाली, सुमेरपुर, सोजत, बाली तथा मारवाड़ जंक्शन और रानी में प्रथम प्रशिक्षण शुक्रवार को आयोजित किया गया।

उपजिला निर्वाचन अधिकारी डॉ बजरंग सिंह ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी एल एन मन्त्री के निर्देशानुसार प्रक्षिक्षण में उपस्थित संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स ने बीएलओ के दायित्व को पीपीटी के माध्यम से समझाया गया। इस अवसर पर मारवाड जक्शन तथा रानी में चल रहे प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी महावीर सिंह ने बीएलओ को सम्बोधित करते हुए कहा है कि गणना प्रपत्र पहले की तुलना में आसान हो गया है, विगत गहन पुनरीक्षण से मतदाताओं की मैपिंग शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता पीछे नही छूटे ऐसा प्रयास हो व ईएफ की प्रत्येक प्रविष्टि को सही भरने, समयबद्ध कार्य सम्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

# विदाई पर बालिकाओं ने 'गुरू' को पहनाया ब्रेसलेट

**सायला**, (निसं)। शनिवार को वालेरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यालय परिवार ने पीईईओ किशोरसिंह राजपुरोहित को विदाई दी।

राजपुरोहित के स्थानांतरण की खबर जैसे ही फैली, विद्यालय के हर कोने में एक सन्नाटा पसर गया। बच्चे उदास थे, शिक्षक भावुक, और ग्रामीणों की आंखों में गर्व और आभार दोनों छलक रहे थे। यह विदाई किसी अधिकारी की नहीं, बल्कि एक गुरु की थी जिसने अपनी कार्यशैली से पूरे विद्यालय में संस्कार, अनुशासन और आत्मविश्वास की मशाल जलाई।

सुबह विद्यालय परिसर को सजाया गया। फूलों की खुशबू और पोस्टरों पर 'धन्यवाद सर' लिखा था। जैसे ही राजपुरोहित मंच पर पहुंचे, पूरा परिसर तालियों से गूंज उठा। बच्चे कुर्सियों से उठ खडे हुए, कुछ की आँखों से आँसू ढलक पडे।

भावनाओं का ज्वार उस वक्त उमड पडा जब 12वीं की बालिकाओं ने राजपुरोहित को चांदी का ब्रेसलेट पहनाया। यह सिर्फ एक गिफ्ट नहीं, बल्कि उनके प्रति सम्मान, स्नेह और कृतज्ञता का प्रतीक था। बालिकाओं ने कहा कि सर, आपने हमें सिर्फ किताबों की नहीं, जीवन की शिक्षा दी है। ये ब्रेसलेट हमारी यादों का प्रतीक रेुगा।

ग्रामीणों ने कहा कि राजपुरोहित जैसे शिक्षक क्षेत्र की पहचान हैं। समारोह में उपस्थित ग्रामीणों ने भावुक शब्दों में राजपुरोहित के काम की सराहना की। किसी ने कहा उन्होंने विद्यालय को स्कूल से ज्यादा एक परिवार बनाया। किसी ने कहा किउनकी मेहनत से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ा, परिणाम सुधरे और माता-पिता का भरोसा लौटा। राजपुरोहित ने वालेरा के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया। खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहन दिया और हर विद्यार्थी को खुद के पैरों पर खडा होने की प्रेरणा दी।

व्याख्याता विक्रम चारण, जिन्होंने कार्यक्रम का संचालन किया, ने कहा राजपुरोहित ने हमें सिखाया कि प्रशासनिक जिम्मेदारी निभाते हुए भी कैसे दिल से जुडा जा सकता है। वे सिर्फ अधिकारी नहीं, मार्गदर्शक हैं।

विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि राजपुरोहित ने हमेशा टीम भावना से काम किया। उन्होंने कभी किसी शिक्षक को आदेश नहीं दिए, बल्कि प्रेरित किया। यही कारण रहा कि विद्यालय का माहौल एक परिवार जैसा बना रहा।

राजपुरोहित का स्थानांतरण भामाशाह के सहयोग से निर्मित पाबुदेवी ओटमल गोराजी परिवार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रेवतड़ा में हुआ है। ग्रामीणों का कहना है किरेवतडा के बच्चों का सौभाग्य है कि उन्हें ऐसा शिक्षक मिला।

राजपुरोहित ने भी भावुक शब्दों में कहा कि मेरा हर विद्यार्थी मेरे लिए परिवार जैसा है। आज जो प्यार मिला, वह किसी सम्मान से कम नहीं। मैं इस स्नेह को जीवनभर नहीं भूल पाऊंगा। कार्यक्रम के अंत में जब राजपुरोहित मंच से उतर रहे थे, तो बच्चे उनकी ओर दौडे - कोई उनका हाथ थामे, कोई पांव छूकर आशीर्वाद ले रहा था।

गांव के एक बुजुर्ग बोले कि सर ने स्कूल भले ही छोड़ दिया, लेकिन संस्कार दिए हैं। जब तक ये बच्चे हैं, उनका नाम वालेरा में लिया जाएगा।

राजपुरोहित का जाना भले ही पदस्थापन का हिस्सा हो, लेकिन वालेरा के लोगों के लिए यह एक खालीपन छोड़ गया है। उनकी सादगी, सहजता और कार्यनिष्ठा आने वाले वर्षों तक क्षेत्र के शिक्षकों के लिए प्रेरणा बनी रहेगी। इस तरह यह विदाई सिर्फ एक अध्याय का अंत नहीं, बल्कि उन भावनाओं का उत्सव थी जो हर सच्चे शिक्षक की पहचान होती हैं।

## 'भगवान के सुमिरन से कल्याण होता है'

**जोधपुर**, (कासं)। सरदारपुरा स्थित सत्संग भवन में दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक चल रही श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान कथा के छठे दिन शनिवार को कथा वाचक भाई रवि महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म, बाल लीलाओं, कंस वध, रूकमणी विवाह आदि प्रसंगों का वर्णन किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दौरान मुख्य यजमान रमेश अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, पंकज, अमिता, अंशुल व शुभांगी अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की।

रवि महाराज ने कलयुग में हरि नाम के स्मरण का विशेष महत्व बताया। उन्होंने कहा कि इस युग में कठिन तपस्या या यज्ञ की आवश्यकता नहीं है, केवल सच्चे हृदय से भगवान के नाम का सुमिरन मानव जीवन के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। यह व्यक्ति को विचार, वैराग्य और ज्ञान के मार्ग पर ले जाती है और जीवन को सार्थक बनाती है।

उन्होंने इस मौके पर कहा कि बुराई के रास्ते पर चलने वाले का अंत एक दिन निश्चित है। इसलिए हमें अच्छे कार्य करने चाहिए और सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। कथा सुनाते हुए उन्होंने इस अवसर पर कथा के साथ भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

# जालोर भाजपा नगर अध्यक्ष ने परिवहन विभाग की कार्रवाई को ठहराया गलत

**जालोर**, (कासं)। जैसलमेर बस हादसे के बाद बिना नियम कायदे के संचालित हो रही निजी स्लीपर बसो के खिलाफ राज्य सरकार के निर्देशानुसार परिवहन विभाग द्वारा मापदण्ड पूर्ण नहीं करने वाली बसों के खिलाफ कार्यवाही करने पर जालोर नगर भाजपा के अध्यक्ष रवि सोलंकी ने कार्यवाही को गलत ठहराया।

जैसलमेर बस हादसे में करीब छब्बीस लोगो की जन जा चुकी है। जैसलमेर से जोधपुर जा रही स्लीपर कोच बस की एसी में शोर्ट सर्किट से आग लग गई थी। उक्त बस मोडफाईड होने के साथ बिना मापदण्ड के संचालित हो रही थी। प्रदेश में लगातार बस हादसा होने से राज्य सरकार ने परिवहन विभाग को निर्देशित कर बिना मापदण्ड के संचालित हो रही स्लीपर कोच बसो की जांच की जाये तथा मापदण्ड पूर्ण नही करने वाली बसो के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाये। परिवहन विभाग द्वारा आमजन के हितार्थ कार्यवाही करते हुए बिना मापदण्ड के संचालित हो रही विभिन्न स्लीपर कोच बसो के खिलाफ कार्यवाही शुरु की। तथा जुर्माना वसूल किया जा रहा है। परिवहन विभाग द्वारा आमजन को सुरक्षित यात्रा मुहैया करवाने के लिए मॉडिफाईड व बिना मापदण्ड के लम्बी की दूरी की संचालित बसो के खिलाफ कार्यवाही करना न्याय संगत है। ऐसे में जालोर भाजपा नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी ने परिवहन विभाग की कार्यवाही को गलत बताते हुए बस ऑपरेटर के साथ अन्याय बताया।

निजी स्लीपर बसो का संचालन अपने थोडे से लालच में यात्रियो की जान जोखिम में डालकर आपातकालीन सुविधा, लम्बी दुरी पर संचालन के नियम कायदे पूर्ण किये बिना संचालित की जा रही है। ऐसे में जालोर में स्लीपर बसो की हडताल के चलते जयपुर, दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र सहित अन्य लम्बी दूरी की करीब पचास बसो संचालन ठप होने से यात्रियो को परेशानी का सामना करना पड रहा है।

रोडवेज के प्रबंधक ओम लीलावत ने बताया कि निजी स्लीपर बसो का संचालन बंद होने से जालोर से गुजरात, दिल्ली, जयपुर के लिए भी लम्बी दूरी की बसे निकलती है। जरुरत हुई तो अन्य एक्स्ट्रा बसो का संचालन किया जायेगा।

# दहेज हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार, पत्नी ने दो दिन पहले लगाया था फंदा

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर के औद्योगिक क्षेत्र बोरानाडा में रहने वाली एक विवाहिता ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पीहर पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज प्रताडऩा का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दी। पुलिस ने प्रकरण में मृतका के पति को अब गिरफ्तार किया है। जिससे पूछताछ की जा रही है।

एसीपी बोरानाडा आनंद सिंह राजुपुरोहित ने बताया कि मूलतः उत्तरप्रदेश के अराहो कन्नौज की रहने वाली 25 साल की नीतू पुत्री श्यामसिंह माली की शादी गत साल दिसबंर में जनपद विधुना उत्तरप्रदेश के संजेश कुमार पुत्र महाराज सिंह के साथ हुई थी। वह कुछ समय तक अपने ससुराल में रही थी और हाल में चार महिने पहले वह जोधपुर में बोरानाडा में हरिओम नगर में पति संजेश कुमार के साथ यहां किराए पर रहने लगी।

साथ में उसके दो देवर और अन्य ससुराल पक्ष के लोग रहते थे। 29 अक्टूबर को उसके पीहर पक्ष को सूचना मिली कि नीतू ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली है। इस पर पीहर पक्ष के लोग जोधपुर पहुंचे। मृतका नीतू के पिता श्यामसिंह ने आरोप लगाया कि उसकी पुत्री को पति संजेश कुमार, सास-ससुर और देवर प्रताड़ित करते थे। उसके पुत्री के साथ शराब के नशे में पति संजेश मारपीट करता था और उलाहना देता था। पुलिस ने अब आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया।

# जयपुर मंडल महाप्रबंधक ने जोधपुर में एसबीआई की नई शाखा का उद्घाटन किया

**जोधपुर**,(का.सं.)। भारतीय स्टेट बैंक जयपुर मंडल के महाप्रबंधक श्री प्रभूध कुमार ने जोधपुर शहर में डीपीएस चौराहा जोधपुर में बैंक की 41 वीं शाखा का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर प्रभुध कुमार ने कहा कि तकनीक के युग में डिजिटल उत्पाद एवं अन्य प्लेट फार्म मौजूद होने के बावजूद भी भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा ग्राहकों में विश्वनीयता एवं पारदर्शिता को बनाए रखने हेतु शहर के हर क्षेत्र में अपनी उपलब्धता को बनाए रखने हेतु सदैव अग्रणी भूमिका निभाई जा रही है। उन्होंने उपस्थित सभी ग्राहकों का भारतीय स्टेट बैंक के साथ बने रहने के लिए अभिवादन ज्ञापित किया।

इस अवसर पर जोधपुर अंचल के उप महाप्रबंधक संजीव उपाध्याय ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक अपने ग्राहकों के प्रति उनकी सभी वित्तीय सुविधाओं को प्रदान करने को सदैव तत्परता से उपलब्ध रहता है।

इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक धरमवीर तंवर ने कहा कि एसबीआई देश का सबसे बड़ा बैंक होने के साथ साथ देश के हर वर्ग के लोगों की आवश्यकता के अनुरूप प्रोडक्ट प्रदान करने वाला सक्षम बैंक है।

शाखा प्रबन्धक शीतल लोहिया ने महाप्रबन्धक, उप महाप्रबन्धक एवं उपस्थित ग्राहकों का स्वागत करते हुए कहा कि जोधपुर शहर के पश्चिमी क्षेत्र बाड़मेर रोड के आर्थिक विकास एवं ग्राहकों को सभी बैंकिंग सुविधाओं को तत्परता से प्रदान करने के लिए एसबीआई डीपीएस शाखा तैयार है।

इस अवसर पर 40 वर्षों से बैंक से जुड़े ग्राहक शकूर खान नसरानी ने बैंक के महाप्रबंधक एवं उप महाप्रबंधक का स्वागत किया एवं अन्य ग्राहक पंकज पारख, थाना राम मुंडेल, गुरुमुख रेलावानी, किरण जांगिड़ सहित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए सचिन सिंह ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक देश ही नहीं विदेशों में भी अपने ग्राहकों को सेवा देने को तत्पर है।

एसबीआई के जीतेन्द्र बराला क्षेत्रीय प्रबंधक जैसलमेर, राजेश गहलोत क्षेत्रीय सचिव अधिकारी संगठन, सचिन सिंह, अमित सांखला, अनुपम चारण, कैलाश गहलोत, बसंत चौधरी, मोहित शर्मा, कैलाश सोलंकी, वीनू, रोशनी, राकेश सांखला, नाथू सिंह, गुरुमुख बैंक स्टाफ एवं परिसर के मालिक जेसी मालू उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकारिणी ने पाली में सांसद खेल महोत्सव पर चर्चा की

**पाली** , (नि.सं.)। जिला मुख्यालय स्थित जिला परिषद सभागार में आज सांसद खेल महोत्सव 2025 की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील भंडारी ने की। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए फिटनेस व स्पोर्ट्स को जीवन का आधार बनाने संबंधी संदेश को केंद्र में रखते हुए युवाओं को सोशल मीडिया से हटाकर खेलों की ओर प्रेरित करने, सामाजिक समरसता व जनभागीदारी को बढ़ाने पर विशेष चर्चा हुई।

जिला खेल संयोजक हेमंत कुमार चौधरी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा पाली सांसद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे पाली संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि खेल महोत्सव युवाओं को खेल भावना, अनुशासन, टीमवर्क और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण की दिशा में मजबूत करेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि खेल महोत्सव को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाएगा तथा प्रत्येक मंडल व बूथ स्तर तक प्रतिभागियों को जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

बैठक में विभिन्न पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए और आयोजन को सफल बनाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर जिला महामंत्री दिग्विजयसिंह राठौड़ , नारायण कुमावत, जयवर्धन रांकावत, जुगल किशोर, निकुंभ तिलोक चौधरी सहित सभी मंडल के अध्यक्ष व जिले के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।